# व्यावहारिक व्याकरण

## रचना के आधार पर वाक्य-भेद

*निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **भाव को पूर्णतः व्यक्त करने में समर्थ, सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह कहलाता है–**
   (क) पद (ख) शब्द
   (ग) वाक्य (घ) वाच्य।
2. **वाक्य के कितने अंग होते हैं–**
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
3. **वाक्य में जिसके विषय में बात की जाती है, उसे कहते हैं–**
   (क) उद्देश्य (ख) विधेय
   (ग) क्रिया (घ) कर्म।
4. **विधेय के अंतर्गत नहीं आता–**
   (क) क्रिया और क्रिया का विस्तार
   (ख) क्रिया का पूरक
   (ग) कर्म और कर्म का विस्तार
   (घ) कर्ता और कर्ता का विस्तार।
5. **वाक्य की विशेषता नहीं है–**
   (क) वाक्य पदों का सार्थक समूह होता है।
   (ख) वाक्य अपने आप में पूर्ण होता है।
   (ग) वाक्य में प्रयुक्त पदों का कोई निश्चित क्रम नहीं होता।
   (घ) वाक्य में प्रयुक्त पदों में अर्थ प्रदान करने की योग्यता होती है।
6. **वाक्य के दो अंग हैं–**
   (क) कर्ता और क्रिया (ख) उद्देश्य और विधेय
   (ग) शब्द और पद (घ) कर्ता और कर्म।
7. **वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो बात की जाती है, वह कहलाती है–**
   (क) क्रिया (ख) विधेय
   (ग) कर्म (घ) कर्ता।
8. **रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं–**
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
9. **रचना के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है–**
   (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
   (ग) मिश्र वाक्य (घ) निषेधवाचक वाक्य।
10. **जिस वाक्य में एक ही मुख्य क्रिया होती है, उसे कहते हैं–**
    (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
    (ग) मिश्र वाक्य (घ) उपवाक्य।
11. **जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और अन्य आश्रित उपवाक्य हों, उसे कहते हैं–**
    (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
    (ग) मिश्र वाक्य (घ) कुटिल वाक्य।
12. **समान स्तर के दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य जुड़े होते हैं–**
    (क) मिश्र वाक्य में (ख) सरल वाक्य में
    (ग) संयुक्त वाक्य में (घ) कुटिल वाक्य में।
13. **आश्रित उपवाक्य का भेद नहीं है–**
    (क) सर्वनाम उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
    (ग) विशेषण उपवाक्य (घ) क्रियाविशेषण उपवाक्य।
14. **आश्रित उपवाक्य के भेद होते हैं–**
    (क) दो (ख) तीन
    (ग) चार (घ) पाँच।
15. **'पिताजी ने राकेश को बाज़ार भेजा है।' वाक्य में उद्देश्य है–**
    (क) पिताजी ने (ख) बाज़ार भेजा
    (ग) राकेश को (घ) पिताजी ने राकेश को।
16. **'मेरी बहन राधिका बहुत अच्छा गाती है।' वाक्य में विधेय है–**
    (क) मेरी बहन (ख) राधिका
    (ग) बहुत अच्छा गाती है (घ) गाती है।
17. **'मेरे जीवन का लक्ष्य है कि <u>मैं डॉक्टर बनूँ</u>।' वाक्य में रेखांकित है–**
    (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य
    (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) सर्वनाम उपवाक्य।
18. **'मैं वहीं जा रहा हूँ, जहाँ से तुम आए हो।' वाक्य में आश्रित उपवाक्य है–**
    (क) वहीं जा रहा हूँ (ख) जहाँ से तुम
    (ग) मैं वहीं जा रहा हूँ (घ) जहाँ से तुम आए हो।
19. **'यह वही लड़का है, <u>जो कल आया था</u>।' – रेखांकित उपवाक्य का भेद है–**
    (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य
    (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) सर्वनाम उपवाक्य।
20. **'<u>मैंने सोचा</u> कि वह ज़रूर आएगा।' – रेखांकित है–**
    (क) आश्रित उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
    (ग) प्रधान उपवाक्य (घ) विशेषण उपवाक्य।
21. **'राम बोला, मैं दिल्ली जा रहा हूँ।' वाक्य का भेद है–**
    (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
    (ग) मिश्र वाक्य (घ) संज्ञा वाक्य।
22. **निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है–**
    (क) वह लड़का गाँव में जाकर बीमार हो गया
    (ख) वह लड़का गाँव में गया और बीमार हो गया
    (ग) जब वह लड़का गाँव में गया तब बीमार हो गया
    (घ) गाँव में जाते ही लड़का बीमार हो गया।
23. **'मैं भी आपके साथ चलता किंतु मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–**
    (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
    (ग) संयुक्त वाक्य (घ) कुटिल वाक्य।
24. **निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
    (1) मोहन खाना खाता है।
    (2) बाज़ार जाओ और कुछ फल लाओ।
    (3) वह दौड़कर थक गया।
    (4) शिक्षक ने कहा कि कल अवकाश होगा।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(क) (1) व (3) सही हैं (ख) (1) व (2) सही हैं
(ग) (2) व (4) सही हैं (घ) (2) व (3) सही हैं।

**25. 'भविष्यवाणी है कि आज वर्षा होगी।' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है–**
(क) संयुक्त वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) विशेषण उपवाक्य (घ) मिश्र वाक्य।

**26. 'जब मन्नू भाषण दे रही थी, तब पिता जी के मित्र वहाँ आ निकले।' वाक्य है–** *(CBSE 2015)*
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) उपवाक्य।

**27. 'उसे दफ़्तर की नौकरी से घृणा थी।' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है–** *(CBSE 2016)*
(क) निषेधवाचक (ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) मिश्र वाक्य।

**28. निम्नलिखित में सरल वाक्य है–** *(CBSE 2017)*
(क) वह ज्यों ही घर से निकला, त्यों ही वर्षा होने लगी।
(ख) वे चाहते थे कि मैं भी वहीं बैठूँ।
(ग) पंख वाले चींटे या दीमक वर्षा के दिनों में निकलते हैं।
(घ) वह बाज़ार गया और दवाई ले आया।

**29. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
(1) वह बिस्तर पर लेटा और सो गया।
(2) उसने एक कार खरीदी।
(3) आशा है कि आप कुशल होंगे।
(4) उसने मेहनत की और सफलता पाई।
(क) (1) व (4) सही हैं (ख) (2) व (3) सही हैं
(ग) (1) व (3) सही हैं (घ) (3) व (4) सही हैं।

**30. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
(1) वह मैच हार गया।
(2) जहाँ वह गया, तुम भी वहीं जाओ।
(3) जो जीता, वही सिकंदर है।
(4) वह बीमार था इसलिए नहीं आया।
(क) (1) व (2) सही हैं (ख) (1) व (4) सही हैं
(ग) (2) व (3) सही हैं (घ) (2) व (4) सही हैं।

**31. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
(1) बालगोबिन भगत एक साधु थे।
(2) जिसने सुना, वही चकित रह गया।
(3) घर जाओ और आराम करो।
(4) यदि वह पढ़ता तो उत्तीर्ण हो जाता।
(क) (1) व (2) सही हैं (ख) (2) व (3) सही हैं
(ग) (2) व (4) सही हैं (घ) (3) व (4) सही हैं।

**32. निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
(1) व्यायाम करो और स्वस्थ रहो।
(2) मैंने उसे देखकर पहचान लिया।
(3) अच्छा किया, जो आप नहीं आए।
(4) पढ़-लिखकर विद्वान बनो।
(क) (1) व (3) सही हैं (ख) (2) व (4) सही हैं
(ग) (2) व (3) सही हैं (घ) (3) व (4) सही हैं।

**33. 'बादल घिर आए और वर्षा होने लगी।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण है–**
(क) जैसे ही बादल घिरे तो वर्षा होने लगी।
(ख) बादल घिर आने पर वर्षा होने लगी।
(ग) बादल घिरे इसलिए वर्षा होने लगी।
(घ) जब बादल घिर आए तो वर्षा होने लगी।

**34. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए–**
(1) असफल होने पर शोक करना व्यर्थ है।
(2) मैं एक दिन अमेरिका जाऊँगी तथा अपना शेष जीवन वहीं बिताऊँगी।
(3) जैसे ही रमेश आया, वैसे ही मोहन चल दिया।
(4) विद्यार्थी परिश्रमी है, तो अवश्य सफल होगा।
(क) (1) व (2) सही हैं (ख) (2) व (3) सही हैं
(ग) (1) व (4) सही हैं (घ) (2) व (4) सही हैं।

**35. 'ज़ेब से चाकू निकालकर दोनों खीरों के सिर काटे।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2015)*
(क) ज़ेब से चाकू निकाला तो खीरों के सिर काटे।
(ख) ज़ेब से चाकू निकाला और दोनों खीरों के सिर काटे।
(ग) खीरों के सिर काटने के लिए ज़ेब से चाकू निकाला।
(घ) ज़ेब से चाकू इसलिए निकाला, ताकि खीरों के सिर काट सके।

**36. 'सच्चे आदमी को कभी कोई कमी नहीं रहती।' का मिश्र वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2016)*
(क) जो सच्चा आदमी है उसे कभी कोई कमी नहीं रहती।
(ख) आदमी सच्चा होता है; अतः कोई कमी नहीं रहती।
(ग) सच्चे आदमी के लिए कमी नहीं रहती।
(घ) आदमी को सच्चा रहना चाहिए फिर कमी नहीं रहती।

**37. 'जब मैं घर पहुँचा भाई साहब चले गए थे।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2017)*
(क) मैं घर पहुँचा और भाई साहब चले गए थे।
(ख) जैसे ही मैं घर पहुँचा, भाई साहब चले गए थे।
(ग) मेरे घर पहुँचने तक भाई साहब चले गए थे।
(घ) क्योंकि मैं घर पहुँचा, इसलिए भाई साहब चले गए थे।

**38. 'मॉरीशस की स्वच्छता देखकर मन प्रसन्न हो गया।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2018)*
(क) मॉरीशस की स्वच्छता देखी तो मन प्रसन्न हो गया।
(ख) मॉरीशस की स्वच्छता देखी और मन प्रसन्न हो गया।
(ग) मॉरीशस की स्वच्छता देखते ही मन प्रसन्न हो गया।
(घ) जब मॉरीशस की स्वच्छता देखी तो मन प्रसन्न हो गया।

**39. 'मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2019)*
(क) मैंने पीड़ा से कराहते व्यक्ति को देखा।
(ख) मैंने उस व्यक्ति को देखा और वह पीड़ा से कराह रहा था।
(ग) मैंने देखा कि व्यक्ति पीड़ा से कराह रहा था।
(घ) जो व्यक्ति मैंने देखा, वह पीड़ा से कराह रहा था।

**40. 'जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2019)*
(क) यदि व्यक्ति परिश्रमी है तो अवश्य सफल होता है।
(ख) परिश्रमी व्यक्ति अवश्य सफल होता है।
(ग) क्योंकि व्यक्ति परिश्रमी है, इसलिए सफल होता है।
(घ) व्यक्ति परिश्रम करता है और सफल होता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**41. 'पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2020)*

(क) यद्यपि मूर्ति पत्थर की थी, लेकिन चश्मा असली था।
(ख) पत्थर की मूर्ति थी, परंतु चश्मा असली था।
(ग) पत्थर की मूर्ति होने पर भी चश्मा असली था।
(घ) क्योंकि मूर्ति पत्थर की थी इसलिए चश्मा असली था।

**42. 'मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण है–** *(CBSE 2020)*

(क) मूर्तिकार ने सुना, इसलिए जवाब दिया।
(ख) क्योंकि मूर्तिकार ने सुना, इसलिए जवाब दिया।
(ग) मूर्तिकार ने सुनकर, जवाब दिया।
(घ) मूर्तिकार ने जब सुना, तब जवाब दिया।

**43. 'रसूलन और बतूलन ने गाना गाया क्योंकि इसी से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।' सरल वाक्य में लिखिए–** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) रसूलन और बतूलन के गायन से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(ख) रसूलन और बतूलन जैसे ही गाती हैं अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(ग) रसूलन और बतूलन गाती हैं और अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(घ) रसूलन और बतूलन के गीतों से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।

**44. 'दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।' इस मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) जैसे ही दूसरी बार हालदार साहब उधर से गुज़रे, उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(ख) दूसरी बार उधर से गुजरते समय हालदार साहब को मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(ग) दूसरी बार हालदार साहब उधर से गुजरे और उनको मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(घ) जब भी हालदार साहब उधर से गुजरते हैं मूर्ति में अंतर दिखायी देता है।

**45. मिश्र वाक्य का उदाहरण है–** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) अजमेर से पहले पिताजी इंदौर में थे।
(ख) हुड़दंग तो इतना मचाया कि कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।
(ग) हमने हुड़दंग मचाया और कॉलेज वालों ने थर्ड इयर खोल दिया।
(घ) हमारे हुड़दंग मचाने के कारण कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।

**46. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का कौन-सा उदाहरण है?** *(CBSE 2023)*

(क) रसोई को वे भटियार खाना कहते थे।
(ख) घर में आए दिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थीं।
(ग) यह पितृगाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव गान करना है।
(घ) मैं संकोच से सिमट जाती हूँ और गड़ने-गड़ने को हो आती हूँ।

**47. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का कौन-सा उदाहरण है?** *(CBSE 2023)*

(क) एक-दो को छोड़कर कोई भी मेरे परिवार का नहीं है।
(ख) दोनों बड़े भाई आगे पढ़ने बाहर चले गए तब मुझे अपने वजूद का एहसास हुआ।
(ग) पिता का आग्रह रहता कि मैं रसोई से दूर रहूँ।
(घ) घर में आए दिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थीं।

**48. निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य कौन-सा होगा?**
**'शीला अग्रवाल की जो जोशीली बातें थीं उन्होंने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।'** *(CBSE 2023)*

(क) जो शीला अग्रवाल थीं उनकी जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।
(ख) शीला अग्रवाल जोशीली बातें करती थीं और वे बातें रंगों में बहते खून को लावे में बदल देती थीं।
(ग) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।
(घ) शीला अग्रवाल जोशीली बातें करती थीं; अतः वे बातें रगों में बहते खून को लावे में बदल देती थीं।

**49. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए–**
**'वे प्रधानाचार्या को बड़े गर्व से कहकर आए कि यह तो पूरे देश की पुकार है।'** *(CBSE 2023)*

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) प्रधान उपवाक्य।

**50. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए–**
**'मन्नू भंडारी का जन्म मध्य प्रदेश में हुआ था, किंतु उनकी इंटर तक की शिक्षा-दीक्षा राजस्थान में हुई।'** *(CBSE 2023)*

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) प्रथम समानाधिकरण उपवाक्य
(घ) द्वितीय समानाधिकण उपवाक्य।

**51. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?** *(CBSE 2023)*

(क) वेशभूषा या बाह्य अनुष्ठानों से कोई संन्यासी नहीं होता।
(ख) इस रेखाचित्र की एक विशेषता यह है कि बालगोबिन भगत के माध्यम से ग्रामीण जीवन की सजीव झाँकी देखने को मिलती है।
(ग) वह विशिष्ट शैलीकार हैं इसलिए उन्हें 'कलम का मज़दूर' कहा जाता है।
(घ) बालगोबिन लंबी दाढ़ी नहीं रखते थे, परंतु हमेशा उनका चेहरा सफ़ेद बालों से जगमग रहता।

**52. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?** *(CBSE 2023)*

(क) कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन की प्रभातियाँ शुरू हुईं।
(ख) अभी थोड़ी देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है।
(ग) जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते।
(घ) थोड़ी खेतीबाड़ी भी थी और एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था।

**53. निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य क्या होगा? 'समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है और रोपनी कर रहा है।'** *(CBSE 2023)*

(क) जो समूचा गाँव है वह खेतों में उतरकर रोपनी कर रहा है।
(ख) समूचा गाँव खेतों में उतरकर रोपनी कर रहा है।
(ग) जहाँ समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है वहाँ रोपनी हो रही है।
(घ) समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है; अतः रोपनी कर रहा है।

**54. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए–**
**कबीर के जो सीधे-सादे पद थे, वे उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते।** *(CBSE 2023)*

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) प्रधान उपवाक्य।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

55. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए–**
**कभी झूठ नहीं बोलते और खरा व्यवहार रखते।** *(CBSE 2023)*
(क) प्रथम समानाधिकरण उपवाक्य
(ख) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ग) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य
(घ) विशेषण आश्रित उपवाक्य

56. **निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रवाक्य का कौन-सा उदाहरण है?** *(CBSE 2023)*
(क) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है।
(ख) वे जब भी काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बालाजी के मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते।
(ग) यह आयोजन कई बरसों से होता आया है।
(घ) सम पर आने की तमीज़ उन्हें बचपन में ही आ गई थी, मगर बच्चे को दाद देनी नहीं आती थी।

57. **निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का कौन-सा उदाहरण है?** *(CBSE 2023)*
(क) एक बड़े कलाकार का सहज मानवीय रूप ऐसे अवसर पर आसानी से दिख जाता है।
(ख) काशी में बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं।
(ग) अब आपको भारत रत्न मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें।
(घ) यतींद्र मिश्र संगीत की शास्त्रीय परंपरा के गहरे जानकार हैं।

58. **निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य कौन-सा वाक्य होगा? "वे सभ्यता को संस्कृति का परिणाम मानते हुए कहते हैं कि मानव संस्कृति अविभाज्य वस्तु है।"** *(CBSE 2023)*
(क) जो सभ्यता है उसे संस्कृति का परिणाम मानते हुए वे मानव संस्कृति को अविभाज्य वस्तु मानते हैं।
(ख) वे जिस सभ्यता को संस्कृति का परिणाम मानते हैं वह मानव संस्कृति अविभाज्य वस्तु है।
(ग) वे सभ्यता को संस्कृति का परिणाम मानते हैं और मानव संस्कृति को अविभाज्य वस्तु मानते हैं।
(घ) वे सभ्यता को संस्कृति का परिणाम मानते हुए उसे मानव संस्कृति का अविभाज्य वस्तु मानते हैं।

59. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए– "देश-विदेश के भ्रमण ने भदंत जी को अनुभव की व्यापकता प्रदान की और उनकी सृजनात्मकता को समृद्ध किया।"** *(CBSE 2023)*
(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) प्रथम समानाधिकरण उपवाक्य
(घ) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य।

60. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए– 'जो शब्द सबसे कम समझ में आते हैं ऐसे शब्द हैं सभ्यता और संस्कृति।'** *(CBSE 2023)*
(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य
(ग) क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
(घ) प्रधान उपवाक्य।

61. **'बादल घिर आए और वर्षा होने लगी' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है–** *(CBSE 2021 Term-I)*
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) साधारण वाक्य।

62. **सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए?**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | वह चल नहीं पा रहा था; इसलिए बैठ गया। | i | सरल वाक्य |
| 2. | मोहन पुस्तक पढ़ रहा है। | ii | संयुक्त वाक्य |
| 3. | वह जो आ रहा है, मेरा भाई है। | iii | मिश्र वाक्य |

**विकल्प–**
(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 iii, 2 i, 3 ii
(ग) 1 i, 2 iii, 3 ii (घ) 1 ii, 2 i, 3 iii.

63. **सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चे ने दूध पीया और सो गया। | i | सरल वाक्य |
| 2. | दिनेश खाना खाकर गया। | ii | मिश्र वाक्य |
| 3. | यदि वह आए तो तुम छिप जाना। | iii | संयुक्त वाक्य |

**विकल्प–**
(क) 1 iii, 2 i, 3 ii (ख) 1 i, 2 ii, 3 iii
(ग) 1 ii, 2 iii, 3 i (घ) 1 i, 2 iii, 3 ii.

64. **सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्षा होते ही मोर नाचने लगे। | i | मिश्र वाक्य |
| 2. | तुम्हीं ने कहा था कि वह झूठा है। | ii | संयुक्त वाक्य |
| 3. | बाज़ार जाओ और कुछ फल ले आओ। | iii | सरल वाक्य |

**विकल्प–**
(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 i, 3 iii
(ग) 1 ii, 2 iii, 3 i (घ) 1 iii, 2 i, 3 ii.

65. **सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | सूर्य उदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे। | i | सरल वाक्य |
| 2. | मेरे कमरे में एक पुरानी घड़ी है। | ii | मिश्र वाक्य |
| 3. | जब तुमने कहा तब मैं घर गया था। | iii | संयुक्त वाक्य |

**विकल्प–**
(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 iii, 3 i
(ग) 1 iii, 2 i, 3 ii (घ) 1 i, 2 iii, 3 ii.

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

66. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए– *(CBSE SQP 2023-24)*

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | सुरेश के आ जाने से सब प्रसन्न हो गए। | i | मिश्र वाक्य |
| 2. | मैं युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था। | ii | सरल वाक्य |
| 3. | कुछ लोग इसलिए दान करते हैं कि उनका नाम हो। | iii | संयुक्त वाक्य |

विकल्प–

(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 iii, 3 i

(ग) 1 i, 2 iii, 3 ii (घ) 1 ii, 2 i, 3 iii.

67. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) अंतरा अपने विद्यालय नहीं जाने के बारे में बता रही थी।

(ख) अंतरा विद्यालय न जाने के कारण पर बात कर रही थी।

(ग) अंतरा विद्यालय नहीं गई पर क्यों यह पता नहीं।

(घ) अंतरा ने किसी को अपने विद्यालय न जाने के बारे में नहीं बताया।

68. 'जब बालगोबिन भगत खेतों में रोपाई कर रहे थे' तब लोग उन्हें कनखियों से देख रहे थे-यहाँ रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद होगा– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(ख) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य

(ग) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(घ) क्रिया आश्रित उपवाक्य।

69. 'उन्होंने विश्वभर में प्रसिद्ध हिंदी-अंग्रेज़ी शब्दकोश तैयार किया-प्रस्तुत वाक्य का रूपांतरित संयुक्त वाक्य होगा– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) उन्होंने हिंदी-अंग्रेज़ी शब्दकोश तैयार किया जो विश्वभर में प्रसिद्ध है।

(ख) उन्होंने जो हिंदी-अंग्रेज़ी शब्दकोश तैयार किया वह विश्वभर में प्रसिद्ध हो गया।

(ग) जो विश्वभर में प्रसिद्ध है, उस हिंदी-अंग्रेज़ी शब्दकोश को उन्होंने तैयार किया।

(घ) उन्होंने हिंदी-अंग्रेज़ी शब्दकोश तैयार किया और वह विश्वभर में प्रसिद्ध हुआ।

70. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य का उदाहरण है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) उसने परिश्रम किया और उसे सफलता भी मिली।

(ख) परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है।

(ग) जिसने भी परिश्रम किया वह अवश्य सफल होगा।

(घ) परिश्रम करने और सफल होने में सीधा संबंध है।

उत्तर– **1.** (ग) **2.** (क) **3.** (क) **4.** (घ) **5** (ग) **6.** (ख) **7.** (ख) **8.** (ख) **9.** (घ) **10.** (क) **11.** (ग) **12.** (ग) **13.** (क) **14.** (ख) **15.** (क) **16.** (ग) **17.** (क) **18.** (घ) **19.** (ख) **20.** (ग) **21.** (ग) **22.** (ख) **23.** (ग) **24.** (क) **25.** (घ) **26.** (ख) **27.** (ख) **28.** (ग) **29.** (क) **30.** (ग) **31.** (ग) **32.** (ख) **33.** (ख) **34.** (घ) **35.** (ख) **36.** (क) **37.** (ग) **38.** (घ) **39.** (ख) **40.** (ख) **41.** (ख) **42.** (ग) **43.** (क) **44.** (ग) **45.** (ख) **46.** (ग) **47.** (घ) **48.** (ग) **49.** (क) **50.** (घ) **51.** (ख) **52.** (घ) **53.** (ख) **54.** (ख) **55.** (क) **56.** (ख) **57.** (ग) **58.** (घ) **59.** (घ) **60.** (ख) **61.** (ग) **62.** (घ) **63.** (क) **64.** (घ) **65.** (ग) **66.** (ख) **67.** (ग) **68.** (ख) **69.** (घ) **70.** (ग)।

## वाच्य

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. क्रिया के जिस रूप से वाक्य में कर्ता, कर्म या भाव की प्रधानता का पता चलता है, उसे कहते हैं–

(क) वाक्य (ख) वाच्य

(ग) पद (घ) पदबंध।

2. वाच्य के भेद हैं–

(क) दो (ख) चार

(ग) तीन (घ) पाँच।

3. वाच्य का भेद नहीं है–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) क्रियावाच्य।

4. कर्तृवाच्य में प्रधानता होती है–

(क) कर्ता की (ख) कर्म की

(ग) क्रिया की (घ) भाव की।

5. क्रिया का लिंग, वचन, पुरुष कर्म के अनुसार होने पर वाच्य होता है–

(क) कर्तृवाच्य (ख) भाववाच्य

(ग) कर्मवाच्य (घ) पूर्णवाच्य।

6. जब वाक्य में भाव की प्रधानता होती है, तब वाच्य होता है–

(क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य

(ग) कर्तृवाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं।

7. वाच्य के विषय में कौन-सी बात सही नहीं है–

(क) कर्तृवाच्य में अकर्मक-सकर्मक दोनों क्रियाओं का प्रयोग होता है

(ख) कर्मवाच्य में क्रिया सदैव सकर्मक होती है

(ग) भाववाच्य की क्रिया अकर्मक, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन होती है

(घ) वाच्य कभी परिवर्तित नहीं होता।

8. कर्मवाच्य का प्रयोग नहीं होता–

(क) जहाँ कर्ता अज्ञात होता है

(ख) जहाँ उद्देश्य कर्ता को प्रकट न करने का होता है

(ग) जहाँ इच्छा, सहमति, अनुमति प्राप्त की जाती है

(घ) जहाँ अशक्तता या असमर्थता बताई जाती है।

9. कर्म की प्रधानता होती है–

(क) कर्मवाच्य में (ख) भाववाच्य में

(ग) कर्तृवाच्य में (घ) इनमें से किसी में नहीं।

10. वाच्य का संबंध है–

(क) कर्म के रूप से (ख) क्रिया के रूप से

(ग) कर्ता के रूप से (घ) काल के रूप से।

11. अकर्मक-सकर्मक दोनों प्रकार की क्रियाओं का प्रयोग होता है–

(क) कर्मवाच्य में (ख) कर्तृवाच्य में

(ग) भाववाच्य में (घ) सभी वाच्यों में।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**12. वाच्य के द्वारा पता चलता है–**

(क) कर्ता की प्रधानता का

(ख) कर्म की प्रधानता का

(ग) भाव की प्रधानता का

(घ) कर्ता, कर्म और भाव की प्रधानता का।

**13. भाववाच्य में क्रिया होती है–**

(क) द्विकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) प्रेरणार्थक

(घ) अकर्मक, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन।

**14. कर्मवाच्य के विषय में सही नहीं है–**

(क) वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है

(ख) क्रिया का लिंग, वचन, पुरुष कर्म के अनुसार होता है

(ग) क्रिया सदैव सकर्मक होती है

(घ) कर्ता सदैव प्रथमा विभक्ति का होता है।

**15. भाववाच्य के प्रयोग-स्थल के विषय में सत्य नहीं है–**

(क) निषेध, असमर्थता या विवशता प्रकट करने के लिए

(ख) इच्छा, सहमति, अनुमति प्राप्त करने के लिए

(ग) मूल कर्ता सामान्य होने और निषेध न होने पर

(घ) सरकारी या कानूनी आदेशों में।

**16. क्रिया का प्रयोग नहीं है–**

(क) कर्तरि प्रयोग (ख) कर्मणि प्रयोग

(ग) भावे प्रयोग (घ) सर्वनाम्नि प्रयोग।

**17. कर्तृवाच्य परिवर्तित हो सकता है–**

(क) केवल कर्मवाच्य में (ख) केवल भाववाच्य में

(ग) कर्म और भाव दोनों वाच्यों में (घ) परिवर्तित नहीं होता।

**18. भाववाच्य के विषय में सही नहीं है–**

(क) भाव की प्रधानता होती है

(ख) क्रिया सदैव अकर्मक होती है

(ग) कर्ता में तृतीया विभक्ति होती है

(घ) कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है।

**19. 'सूचना दे दी गई है।' वाक्य में वाच्य है–**

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) क्रियावाच्य।

**20. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है–**

(1) आज घूमने चला जाए।

(2) दरजी कपड़े सिलता है।

(3) हमसे खीर पूड़ी खाई गई।

(4) लड़के से रोया नहीं जाता।

(क) (1) और (2) सही हैं (ख) (1) और (4) सही हैं

(ग) (2) और (3) सही हैं (घ) (3) और (4) सही हैं।

**21. निम्नलिखित वाक्यों में कर्मवाच्य का उदाहरण है–**

(1) रजिया ने पुस्तक पढ़ी।

(2) आपसे फूल तोड़े जाएँगे।

(3) रोगी से चला नहीं जाता।

(4) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाएगी।

(क) (1) और (2) सही हैं (ख) (2) और (3) सही हैं

(ग) (3) और (4) सही हैं (घ) (2) और (4) सही हैं।

**22. निम्नलिखित वाक्यों में कर्तृवाच्य का उदाहरण है–**

(1) मोहन पत्र लिखता है।

(2) चलो, अब घूमा जाए।

(3) मुझसे खाना नहीं खाया जाता।

(4) राधा नाच रही है।

(क) (1) और (2) सही हैं (ख) (2) और (3) सही हैं

(ग) (1) और (4) सही हैं (घ) (2) और (4) सही हैं।

**23. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है–**

(1) बच्चे खेलेंगे।

(2) हमसे चला जा सकता है।

(3) यह मेज मुझसे टूट गई।

(4) हमसे रोज़ नहाया जाता है।

(क) (1) और (2) सही हैं (ख) (2) और (3) सही हैं

(ग) (2) और (4) सही हैं (घ) (1) और (3) सही हैं।

**24. निम्नलिखित वाक्यों में भाव वाच्य का उदाहरण है–**

***(CBSE SQP 2023-24)***

(1) माता जी मिठाई बना सकती हैं।

(2) मुझसे बैठा नहीं जाता।

(3) भगवान द्वारा हमारी रक्षा की जाती है।

(4) गर्मियों में छत पर सोया जाता है।

(क) (1) और (2) सही हैं (ख) (2) और (3) सही हैं

(ग) (1) और (4) सही हैं (घ) (2) और (4) सही हैं।

**25. कर्तृवाच्य का वाक्य है–**

(क) सुशीला ने योग्यता प्राप्त की।

(ख) सुशीला द्वारा योग्यता प्राप्त की गई।

(ग) मोहन द्वारा फूल तोड़े गए।

(घ) मुझसे अब चला नहीं जाता।

**26. कर्मवाच्य का वाक्य है–**

(क) विनीत से उठा नहीं गया।

(ख) तुम दान दोगे।

(ग) उसकी धुआँधार तारीफ़ की गई।

(घ) हम महात्मा गांधी को भूल नहीं सकते।

**27. 'मैंने यह पुस्तक लिखी है।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है**

(क) मेरे द्वारा यह पुस्तक लिखी गई।

(ख) मैं यह पुस्तक लिखता हूँ।

(ग) मैं यह पुस्तक लिखूँगा।

(घ) मैंने पुस्तक को लिख दिया।

**28. 'यह सुंदर रचना तुलसी द्वारा रची गई।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है–**

(क) इस सुंदर रचना को तुलसी द्वारा रचा गया।

(ख) यह सुंदर रचना तुलसी ने रची।

(ग) तुलसी द्वारा यह रचना रची गई थी।

(घ) इस सुंदर रचना को तुलसी रचेंगे।

**29. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | उससे उठा नहीं जाता। | i | कर्मवाच्य |
| 2. | भैया द्वारा चाट खाई गई। | ii | कर्तृवाच्य |
| 3. | पिताजी पर लिखते हैं। | iii | भाववाच्य |

**विकल्प–**

(क) 1 iii, 2 i, 3 ii (ख) 1 i, 2 ii, 3 iii

(ग) 1 ii, 2 iii, 3 i (घ) 1 iii, 2 ii, 3 i.

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

30. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | मैं बेकार नहीं बैठूँगा। | i | कर्मवाच्य |
| 2. | नेताजी द्वारा कंबल बाँटे गए। | ii | भाववाच्य |
| 3. | इधर न देखा जाए। | iii | कर्तृवाच्य |

विकल्प–

(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 iii, 3 i
(ग) 1 ii, 2 i, 3 iii (घ) 1 iii, 2 i, 3 ii.

31. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | हिरन से तेज़ दौड़ा जाता है। | i | कर्मवाच्य |
| 2. | बच्चे नहा रहे हैं। | ii | भाववाच्य |
| 3. | मिस्त्री द्वारा मकान बनाया जाता है। | iii | कर्तृवाच्य |

विकल्प–

(क) 1 ii, 2 iii, 3 i (ख) 1 i, 2 ii, 3 iii
(ग) 1 iii, 2 i, 3 ii (घ) 1 ii, 2 i, 3 iii.

32. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चे चुप नहीं बैठते। | i | कर्मवाच्य |
| 2. | हमसे यहाँ नहीं रहा जाता। | ii | कर्तृवाच्य |
| 3. | सुमित द्वारा कविता रची जाती है। | iii | भाववाच्य |

विकल्प–

(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 iii, 2 i, 3 iii
(ग) 1 ii, 2 iii, 3 i (घ) 1 ii, 2 i, 3 iii.

33. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए– *(CBSE SQP 2023-24)*

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | गर्मियों में लोग खूब नहाते हैं। | i | भाववाच्य |
| 2. | गोपाल से पत्र लिखा जाता है। | ii | कर्तृवाच्य |
| 3. | धूप में चला नहीं जाता। | iii | कर्मवाच्य |

विकल्प–

(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 iii, 3 i
(ग) 1 i, 2 iii, 3 ii (घ) 1 ii, 2 i, 3 iii.

34. 'राम नहीं सोता।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है–
(क) राम नहीं सो रहा है। (ख) राम से नहीं सोया जाता।
(ग) राम से नहीं सोया जाएगा। (घ) राम नहीं सोया है।

35. 'पानवाले ने यह रहस्य बता दिया।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है–
(क) पानवाला यह रहस्य बता देगा।
(ख) पानवाले द्वारा यह रहस्य बता दिया जाएगा।
(ग) पानवाले द्वारा यह रहस्य बता दिया गया।
(घ) पानवाला यह रहस्य बता रहा है।

36. 'आइए, उस बेंच पर बैठें।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है–
(क) आइए, उस बेंच पर बैठा जाए।
(ख) आइए, उस बेंच पर बैठेंगे।
(ग) आइए, उस बेंच पर बैठना चाहिए।
(घ) आइए, उस बेंच पर बैठ जाते हैं।

37. 'आज निश्चिंत होकर सोया जाएगा।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है–
(क) आज निश्चिंत होकर सोते हैं।
(ख) आज निश्चिंत होकर सो रहे हैं।
(ग) आज निश्चिंत होकर सोएँगे।
(घ) आज निश्चिंत होकर सोएँ।

38. 'आओ, स्नान करते हैं।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है–
(क) आओ, स्नान करो। (ख) आओ, स्नान करेंगे।
(ग) आओ, स्नान किया जाए। (घ) आओ, स्नान करना है।

39. 'यह मेज़ मुझसे टूट गई।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2015)*
(क) यह मेज़ मुझसे टूट गई थी।
(ख) यह मेज़ मैंने तोड़ी।
(ग) यह मेज़ मैं तोड़ूँगा।
(घ) यह मेज़ मेरे द्वारा तोड़ी जाएगी।

40. 'क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाता है।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2015)*
(क) क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाएँगे।
(ख) क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाएगा।
(ग) क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाते हैं।
(घ) क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया गया।

41. 'मैंने समय की पाबंदी पर निबंध लिखा।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2016)*
(क) मैं समय की पाबंदी पर निबंध लिखूँगा।
(ख) मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा गया।
(ग) मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा जाएगा।
(घ) मैं समय की पाबंदी पर निबंध लिख रहा हूँ।

42. 'उससे तो उठा भी नहीं जाता।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2016)*
(क) वह तो उठता भी नहीं।
(ख) वह तो उठेगा भी नहीं।
(ग) उससे तो उठा भी नहीं जाएगा।
(घ) उससे तो उठा भी नहीं गया।

43. 'फ़ुरसत में मैना खूब रियाज़ करती है।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2017)*
(क) फ़ुरसत में मैना ने खूब रियाज किया।
(ख) फ़ुरसत में मैना खूब रियाज़ करेगी।
(ग) फ़ुरसत में मैना द्वारा खूब रियाज़ किया जाएगा।
(घ) फ़ुरसत में मैना द्वारा खूब रियाज़ किया जाता है।

44. 'बच्चा साँस नहीं ले पा रहा था।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2017)*
(क) बच्चे से साँस नहीं ली जा रही थी।
(ख) बच्चा साँस नहीं ले रहा है।
(ग) बच्चे से साँस नहीं ली गई।
(घ) बच्चे से साँस नहीं ली जाएगी।

45. 'श्यामा द्वारा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाए जाते हैं।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2017)*
(क) श्यामा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाएगी।
(ख) श्यामा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गा रही है।
(ग) श्यामा द्वारा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाए गए।
(घ) श्यामा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाती है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

46. 'दर्द के कारण वह चल नहीं सकती।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2017)*
(क) दर्द के कारण उससे चला नहीं जाएगा।
(ख) दर्द के कारण उससे चला नहीं जा रहा है।
(ग) दर्द के कारण उससे चला नहीं जा सकता।
(घ) दर्द के कारण वह चल नहीं पा रही थी।

47. 'वह रातभर कैसे जागेगी?' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2017)*
(क) वह रातभर कैसे जागती है?
(ख) उससे रातभर कैसे जागा जाएगा?
(ग) उससे रातभर कैसे जागा जा रहा है?
(घ) वह रातभर कैसे जागी?

48. 'खबर सुनकर वह चल भी नहीं पा रही थी।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2018)*
(क) खबर सुनकर वह चल भी नहीं पाई।
(ख) खबर सुनकर उससे चला नहीं जाएगा।
(ग) खबर सुनकर उससे चला नहीं जा रहा था।
(घ) खबर सुनकर उससे चला नहीं गया।

49. 'मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2018)*
(क) मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों द्वारा नोटिस थमा दिया गया।
(ख) मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस दे दिया।
(ग) मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों द्वारा नोटिस नहीं दिया जाता।
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

50. 'देशभक्तों की शहादत को आज भी याद किया जाता है।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2018)*
(क) देशभक्तों की शहादत को आज भी याद करते हैं।
(ख) देशभक्तों की शहादत को आज भी याद करना चाहिए।
(ग) देशभक्तों की शहादत को आज भी याद किया गया।
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

51. 'बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2019)*
(क) बालगोबिन भगत ने प्रभातियाँ गाईं।
(ख) बालगोबिन भगत द्वारा प्रभातियाँ गाईं जाती थीं।
(ग) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाएँगें।
(घ) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गा रहे थे।

52. 'बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सका।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2019)*
(क) बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सकेगा।
(ख) बीमारी के कारण उससे यहाँ न आया जा सका।
(ग) बीमारी के कारण वह यहाँ नहीं आया।
(घ) बीमारी के कारण उससे नहीं आया जाएगा।

53. 'अवनि चाय बना रही है।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2019)*
(क) अवनि चाय बनाएगी।
(ख) अवनि ने चाय बनाई।
(ग) अवनि द्वारा चाय बनाई जा रही है।
(घ) अवनि द्वारा चाय बनाई गई।

54. 'घायल हंस उड़ न पाया।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2019)*
(क) घायल हंस से उड़ा न गया।
(ख) घायल हंस नहीं उड़ सकेगा।
(ग) घायल हंस नहीं उड़ता है।
(घ) घायल हंस से उड़ा न जाएगा।

55. 'नेताजी ने देश के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2020)*
(क) नेताजी सबकुछ त्याग सकते हैं इस देश के लिए।
(ख) नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सबकुछ त्याग किया जा सकता।
(ग) नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया गया।
(घ) नेताजी देश के लिए अपना सबकुछ त्याग देते हैं।

56. 'दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ।' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2020)*
(क) दर्द के कारण उससे खड़ा ही नहीं हुआ गया।
(ख) दर्द में वह खड़ा नहीं रह पाया।
(ग) दर्द ने उसे खड़ा नहीं रहने दिया।
(घ) दर्द के कारण वह खड़ा नहीं हो सकता।

57. 'परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया?' का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2020)*
(क) परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा?
(ख) परीक्षा के बारे में अध्यापक क्या कहेंगे?
(ग) परीक्षा के बारे में अध्यापक क्या कहते हैं?
(घ) परीक्षा के बारे में अध्यापक क्या कह रहे थे?

58. 'किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2020)*
(क) किसान द्वारा खेत की जुताई की जा सकती है।
(ख) किसान द्वारा खेत जोता गया।
(ग) किसान ने खेत की जुताई की।
(घ) किसान से खेत की जुताई की जाएगी।

59. 'कितने कंबल बाँटे?' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है– *(CBSE 2020)*
(क) कितने कंबल बाँटे गए?
(ख) कितने कंबल बाँटे जाते हैं?
(ग) कितने कंबल बाँटे जाएँगे?
(घ) कितने कंबल बाँटे जा रहे हैं?

60. 'मीना द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है–
(क) मीना पुस्तक पढ़ेगी।
(ख) मीना पुस्तक पढ़ती है।
(ग) मीना पुस्तक पढ़ रही थी।
(घ) मीना ने पुस्तक पढ़ी।

61. निम्नलिखित वाक्य का वाच्य लिखिए– *(CBSE SQP 2021)*
पर्यटकों द्वारा तीर्थयात्रा की जाएगी।
(क) कर्तृवाच्य (ख) भाववाच्य
(ग) कर्मवाच्य (घ) करणवाच्य।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

62. 'हालदार साहब ने पान खाया।'
उपर्युक्त वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए– *(CBSE SQP 2021)*
(क) हालदार साहब द्वारा पान खाया जाता है।
(ख) हालदार साहब से पान नहीं खाया जाता है।
(ग) हालदार साहब पान खा रहे हैं।
(घ) हालदार साहब द्वारा पान खाया गया।

63. 'पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़े।'
उपर्युक्त वाक्य को भाववाच्य में बदलिए– *(CBSE SQP 2021)*
(क) पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़ सके।
(ख) पक्षियों से बाग छोड़कर उड़ा नहीं गया।
(ग) पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़ सकते।
(घ) पक्षियों से बाग छोड़कर उड़ा नहीं जाता।

64. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छाँटिए– *(CBSE SQP 2021)*
(क) छात्रों द्वारा सभी का स्वागत हुआ।
(ख) छात्रों से सभी का स्वागत करवाया गया।
(ग) छात्रों ने सभी का स्वागत किया।
(घ) छात्रों द्वारा सभी का स्वागत किया जाएगा।

65. निम्नलिखित में से कौन-सा भाववाच्य का सही विकल्प है– *(CBSE SQP 2021)*
(क) आओ, वहाँ बैठें। (ख) आओ वहाँ बैठा जाए।
(ग) अब वहाँ बैठते हैं। (घ) चलो, अब वहाँ बैठें।

66. "अध्यापक द्वारा कक्षा का जायजा लिया गया"। वाक्य में प्रयुक्त वाच्य है– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) करणवाच्य।

67. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा कर्मवाच्य नहीं है–
(क) प्रश्न पूछा गया। (ख) सुंदर गीत लिखे हैं।
(ग) फल खाए गए। (घ) पाठ पढ़ाया जाता है।

68. 'हमसे इतनी तकलीफ़ सही नहीं जाती' - कर्तृवाच्य में बदलने पर होगा– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) हमारे द्वारा इतनी तकलीफ़ सही नहीं जाती।
(ख) हमसे इतनी तकलीफ़ कैसे सही जाएगी?
(ग) हम इतनी तकलीफ़ नहीं सह सकते।
(घ) हमसे इतनी तकलीफ़ कैसे नहीं सही जाएगी?

69. निम्नलिखित में कौन-सा कर्तृवाच्य का उदाहरण है– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) तुलसीदास के द्वारा रामचरितमानस की रचना की गई।
(ख) तुलसीदास से रामचरितमानस रचना गया।
(ग) तुलसीदास द्वारा रामचरितमानस रची गई।
(घ) तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की।

70. 'राधा अब उठ-बैठ सकती है' – इस वाक्य का भाववाच्य में रूपांतरण होगा– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) राधा से अब उठा-बैठा जाता है।
(ख) राधा ने अब उठना-बैठना सीख लिया है।
(ग) राधा अब से उठ-बैठ सकती है।
(घ) क्या राधा से उठा जा सकता है?

71. "अमीरुद्दीन द्वारा अपनी कमाई से फ़िल्म देखी जाती है।" – वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

72. "वे सुलोचना की कोई फ़िल्म नहीं छोड़ते।" यह वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है– *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

73. "अब सोया जाए।" इस वाक्य में वाच्य-भेद है– *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

74. "शिला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।" इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप होगा– *(CBSE 2023)*
(क) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों से रगों में बहता खून लावे में बदल रहा है।
(ख) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों से रगों में बहता खून लावे में बदला जाएगा।
(ग) शीला अग्रवाल ने जोशीली बातें कीं और रगों में बहता खून लावे में बदल गया।
(घ) शीला अग्रवाल की जोशीली बातों द्वारा रगों में बहता खून लावे में बदल दिया गया।

75. 'स्वयंप्रकाश ने अपना बचपन राजस्थान में बिताया।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

76. 'उनके द्वारा कहानियाँ रोचक किस्सागोई शैली में लिखी गई हैं।' यह वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

77. 'माँ से रोया भी नहीं जाता।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

78. 'सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उन्होंने खीरे खरीदे होंगे।' इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप होगा– *(CBSE 2023)*
(क) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे गए होंगे।
(ख) उन्होंने खीरे सफ़र का वक्त काटने के लिए ही खरीदे होंगे।
(ग) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनसे खीरे खरीदे जा रहे थे।
(घ) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे जाएँगे।

79. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) गोपियों ने भ्रमर के बहाने उद्धव पर व्यंग्य-बाण छोड़े।
(ख) उद्धव द्वारा गोपियों को ज्ञान मार्ग का संदेश दिया गया।
(ग) उससे कहाँ चढ़ा जाएगा।
(घ) गोपियाँ प्रेम-मार्ग पर चलती हैं।

80. 'हम कनखियों से उन्हें देख रहे थे।' यह वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

81. 'लेखिका द्वारा यहाँ बहुत ही खूबसूरती से साधारण लड़की के असाधारण बनने के प्रारंभिक पड़ावों को प्रकट किया गया है।' यह वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) भाववाच्य
(ग) कर्मवाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

82. 'अब खेला जाए।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) मुख्यवाच्य।

83. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है? *(CBSE 2023)*
(क) गोपियों ने योग-साधना को कड़वी ककड़ी बताया।
(ख) परशुराम ने सभा में क्रोध किया।
(ग) लक्ष्मण द्वारा परशुराम पर व्यंग्य-बाण छोड़े गए।
(घ) चोट के कारण उनसे चला नहीं जाता।

84. बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता था।
(ख) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता है।
(ग) बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते हैं।
(घ) बालगोबिन भगत से कबीर को 'साहब' माना जाता है।

85. भोर में लोगों से बालगोबिन भगत का गीत नहीं सुनाया गया। वाक्य में वाच्य है– *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य
(ग) कर्तृवाच्य (घ) कर्तृ और कर्मवाच्य दोनों।

86. 'धान के पानी-भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं।' उदाहरण है– *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) भाववाच्य (ख) कर्तृवाच्य
(ग) कर्मवाच्य (घ) विचारवाच्य।

उत्तर– **1.** (ख) **2.** (ग) **3.** (घ) **4.** (क) **5.** (ग) **6.** (ख) **7.** (घ) **8.** (ग) **9.** (क) **10.** (ख) **11.** (ख) **12.** (घ) **13.** (घ) **14.** (घ) **15.** (घ) **16.** (घ) **17.** (ग) **18.** (घ) **19.** (ख) **20.** (ख) **21.** (घ) **22.** (ग) **23.** (ग) **24.** (घ) **25.** (क) **26.** (ग) **27.** (क) **28.** (ख) **29.** (क) **30.** (घ) **31.** (क) **32.** (ग) **33.** (ख) **34.** (ख) **35.** (ग) **36.** (क) **37.** (ग) **38.** (ग) **39.** (ख) **40.** (ग) **41.** (ख) **42.** (क) **43.** (घ) **44.** (क) **45.** (घ) **46.** (ग) **47.** (ख) **48.** (ग) **49.** (क) **50.** (क) **51.** (ख) **52.** (ख) **53.** (ग) **54.** (क) **55.** (ग) **56.** (क) **57.** (क) **58.** (ग) **59.** (क) **60.** (ख) **61.** (ग) **62.** (घ) **63.** (ख) **64.** (ग) **65.** (ख) **66.** (ख) **67.** (ख) **68.** (ग) **69.** (घ) **70.** (क) **71.** (ख) **72.** (क) **73.** (ग) **74.** (घ) **75.** (क) **76.** (ख) **77.** (ग) **78.** (क) **79.** (ग) **80.** (ख) **81.** (ग) **82.** (ग) **83.** (घ) **84.** (क) **85.** (क) **86.** (ख)।

## पद-परिचय

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाता है–
(क) पद (ख) अव्यय
(ग) समास (घ) प्रत्यय।

2. वाक्य में स्थित पदों का व्याकरणिक परिचय कहलाता है–
(क) पदबंध (ख) पद-समूह
(ग) पद-परिचय (घ) पद-स्थिति।

3. हिंदी में पदों की संख्या है–
(क) चार (ख) छह
(ग) आठ (घ) सात।

4. संज्ञा पदों के परिचय में बताया जाता है–
(क) भेद, लिंग, वचन, काल, वाच्य
(ख) भेद, लिंग, वचन, कारक, क्रिया से संबंध
(ग) भेद, लिंग, वचन, पुरुष, विशेष्य
(घ) भेद, लिंग, वचन, वाच्य, पुरुष।

5. विस्मयादिबोधक के पद-परिचय में बताया जाता है–
(क) भेद, लिंग, वचन, कारक का उल्लेख
(ख) भेद, काल, वाच्य का उल्लेख
(ग) भेद एवं भाव का उल्लेख
(घ) भेद, पुरुष, लिंग, भाव का उल्लेख।

6. सर्वनाम पदों के परिचय में बताया जाता है–
(क) भेद, लिंग, वचन, कारक, पुरुष
(ख) भेद, लिंग, वचन, काल, वाच्य
(ग) भेद, लिंग, विशेष्य, कारक
(घ) भेद, लिंग, वचन, धातु, पुरुष।

7. विशेषण पदों के परिचय में बताया जाता है–
(क) भेद, लिंग, कारक, काल (ख) भेद, लिंग, वचन, विशेष्य
(ग) भेद, लिंग, पुरुष, वाच्य (घ) भेद, लिंग, वचन, पुरुष।

8. क्रिया पदों के परिचय में बताया जाता है–
(क) भेद, लिंग, वचन, कारक
(ख) भेद, लिंग, वचन, पुरुष, विशेष्य
(ग) भेद, लिंग, वचन, पुरुष, धातु, काल, वाच्य
(घ) भेद, लिंग, वचन, कारक, विशेष्य।

9. '<u>यह</u> साइकिल किसकी है?' वाक्य में रेखांकित पद का पद-परिचय है–
(क) निश्चयवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'साइकिल' विशेष्य
(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(घ) संबंधवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

10. '<u>वह</u> पुस्तक पढ़ता है।' – रेखांकित पद का परिचय है–
(क) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ग) निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(घ) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

11. <u>बालगोबिन भगत</u> समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में धान रोप रहे हैं।– रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2015)*
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक
(ग) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(घ) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक।

12. '<u>आजकल</u> हमारा देश प्रगति के मार्ग पर बढ़ रहा है।'– रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2015)*
(क) क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'बढ़ रहा है' क्रिया का विशेषण
(ख) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक, 'बढ़ रहा है' क्रिया का विशेषण
(ग) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'बढ़ रहा है' क्रिया का विशेषण
(घ) क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, 'बढ़ रहा है' क्रिया का विशेषण।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13. मुझे शांति से काम करने दो।– रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2015)*
(क) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, करण कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(घ) सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

14. 'आजकल संस्थाओं द्वारा जनहित के अनेक कार्य किए जा रहे हैं।'–रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2015)*
(क) संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(ग) संज्ञा, प्राणीवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(घ) संज्ञा, वस्तुवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक।

15. 'हर्षिता निबंध लिख रही है।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2016)*
(क) क्रिया, सकर्मक, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(ख) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, द्विवचन, वर्तमानकाल, कर्मवाच्य
(ग) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(घ) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य।

16. कब्रिस्तान की भूमि को लेकर छोटे-मोटे तनाव होते हैं। एक ऐसे ही अवसर पर मुझे पंचायत में हाज़िर होना पड़ा। – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2016)*
(क) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक
(ख) संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक
(ग) संज्ञा, वस्तुवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक
(घ) संज्ञा, द्रव्यवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक।

17. 'हम-तुम तो इनता भी नहीं जानते कि कुटुंब का पालन कैसे किया जाता है।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2016)*
(क) अव्यय, समुच्चयबोधक (ख) अव्यय, संबंधबोधक
(ग) अव्यय, निपात (घ) अव्यय, क्रियाविशेषण।

18. 'तुम्हारी पुस्तकें मैंने अलमारी में रख दी हैं।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2016)*
(क) सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, 'पुस्तकें' विशेष्य
(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक
(ग) निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक
(घ) गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक।

19. 'आज विज्ञान व परमाणु युग में सबसे नाजुक प्रश्न शांति ही है।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2017)*
(क) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ग) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन।

20. 'सुभाष पालेकर ने प्राकृतिक खेती की जानकारी अपनी पुस्तकों में दी है। – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2017)*
(क) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य
(ख) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(ग) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(घ) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य।

21. 'तुम सुरेश के बड़े भाई को गरम खाना खिलाओ।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2017)*
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ग) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

22. 'हिंदुस्तान वह सब कुछ है, जो आपने समक्ष रखा है, लेकिन वह इससे भी बहुत ज़्यादा है।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2017)*
(क) अव्यय, समुच्चयबोधक (ख) अव्यय, संबंधबोधक
(ग) अव्यय, विस्मयादिबोधक (घ) अव्यय, निपात।

23. 'अपने गाँव की मिट्टी छूने के लिए मैं तरस गया।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2018)*
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक
(ग) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

24. 'अपने गाँव की मिट्टी छूने के लिए मैं तरस गया।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2018)*
(क) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ग) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक।

25. 'अपने गाँव की मिट्टी छूने के लिए मैं तरस गया।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2018)*
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ग) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

26. 'दादीजी प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ती हैं।' – रेखांकित का पद-परिचय है– *(CBSE 2019)*
(क) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(ख) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
(ग) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल, कर्मवाच्य
(घ) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, भविष्यत्काल, भाववाच्य।

27. 'रोहन यहाँ नहीं आया था।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2019)*
(क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'आया था' क्रिया की विशेषता
(ख) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'आया था' क्रिया की विशेषता
(ग) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'आया था' विशेष्य
(घ) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'आया था' क्रिया की विशेषता।

28. 'वे मुंबई जा चुके हैं।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2019)*
(क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ख) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक
(ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक
(घ) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

29. 'परिश्रमी अंकिता अपना काम समय से पूरा कर लेती है।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2019)*
(क) परिमाणवाचक विशेषण, विशेष्य - अंकिता, स्त्रीलिंग, बहुवचन
(ख) संख्यावाचक विशेषण, विशेष्य - अंकिता, स्त्रीलिंग, एकवचन
(ग) सार्वनामिक विशेषण, विशेष्य - अंकिता, स्त्रीलिंग, एकवचन
(घ) गुणवाचक विशेषण, विशेष्य - अंकिता, स्त्रीलिंग, एकवचन।

30. 'आजकल प्रदूषण तेज़ी से फैल रहा है।'– रेखांकित पद का परिचय है– *(CBSE 2020)*
(क) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(ख) संज्ञा, भाववाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(ग) सर्वनाम, पुरुषवाचक, एकवचन, पुल्लिंग
(घ) विशेषण, गुणवाचक, एकवचन, पुल्लिंग।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

31. 'वक्त काटने के लिए खीरे खरीदे होंगे।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) क्रिया (सकर्मक), पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, खीरा कर्म
(ख) क्रिया (अकर्मक), पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल, खीरा कर्म
(ग) क्रिया (प्रेरणार्थक), पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, खीरा कर्म
(घ) क्रिया (सकर्मक), पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, खीरा कर्म।

32. नवाब साहब थककर लेट गए।' – रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) क्रियाविशेषण, गुणवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता
(ख) विशेषण, सार्वनामिक, 'नवाब साहब' संज्ञा की विशेषता
(ग) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता
(घ) विशेषण, रीतिवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता।

33. 'मेदा भी मेरा कमज़ोर है।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) विशेषण, रीतिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा'
(ख) विशेषण, सार्वनामिक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा'
(ग) विशेषण, गुणवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा'
(घ) विशेषण, गुणवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा'।

34. 'यह उपहार उसे ही देना।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) संज्ञा, पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(ख) सर्वनाम, पुरुषवाचक, उत्तम पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(ग) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(घ) सर्वनाम, पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक।

35. 'बाग में कुछ महिलाएँ बैठी थीं।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल
(ख) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल
(ग) क्रिया, अकर्मक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल
(घ) क्रिया, सकर्मक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल।

36. 'सफ़ेद घोड़ा तेज़ भागता है।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य
(ख) विशेषण, रीतिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य
(ग) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य
(घ) क्रियाविशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य।

37. 'खीरा लज़ीज़ होता है।' – रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'होता है' क्रिया का कर्ता
(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक, 'होता है' क्रिया का कर्ता
(ग) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'होता है' क्रिया का कर्ता
(घ) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक, 'होता है' क्रिया का कर्ता।

38. 'यह भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) विशेषण, सार्वनामिक, एकवचन, पुल्लिंग, 'भाषा' विशेष्य
(ख) विशेषण, सार्वनामिक, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'भाषा' विशेष्य
(ग) सर्वनाम, संकेतवाचक, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'भाषा' विशेष्य
(घ) सर्वनाम, पुरुषवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, 'भाषा' विशेष्य।

39. 'वह हमेशा सच बोलता है।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) अव्यय, क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'बोलता है' क्रिया की अवधि बता रहा है
(ख) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'बोलता है' क्रिया की अवधि बता रहा है
(ग) क्रियाविशेषण, सार्वनामिक, 'बोलता है' क्रिया की अवधि बता रहा है
(घ) विशेषण, कालवाचक, 'बोलता है' 'सच' की विशेषता बता रहा है।

40. 'आज भी भारत में अनेक अभिमन्यु हैं।'– रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE 2020)
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्म कारक
(ग) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

41. 'हम कल दिल्ली जा रहे हैं।'–रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE SQP 2021)
(क) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, अधिकरण कारक
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(घ) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक।

42. 'यह बालक बहुत मेधावी है।'–रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE SQP 2021)
(क) निश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(ग) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'बालक'
(घ) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'बालक'।

43. 'अचानक वर्षा होने लगी।'–रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE SQP 2021)
(क) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'होने लगी' क्रिया की विशेषता
(ख) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'होने लगी' क्रिया की विशेषता
(ग) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'होने लगी' क्रिया की विशेषता
(घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'होने लगी' क्रिया की विशेषता।

44. 'वाह! भारत मैच जीत गया।'–रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE SQP 2021)
(क) समुच्चयबोधक अव्यय
(ख) विस्मयादिसूचक अव्यय, शोकसूचक भाव की अभिव्यक्ति
(ग) संबंधबोधक अव्यय
(घ) विस्मयादिसूचक अव्यय, प्रसन्नतासूचक भाव की अभिव्यक्ति।

45. 'शाबाश! तुमने बहुत अच्छा कार्य किया'।–रेखांकित पद का परिचय है– (CBSE SQP 2021)
(क) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक
(ख) निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक
(ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ता कारक
(घ) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्म कारक।

46. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है? (CBSE SQP 2021)
(क) मेरी बहन एक कहानी पढ़ती है
(ख) मेरी बहन एक उपन्यास पढ़ रही है
(ग) मेरी बहन एक अच्छे विद्यालय में पढ़ती है
(घ) मेरी बहन एक दिलचस्प पुस्तक पढ़ती है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

47. '<u>यह</u> मेरा पसंदीदा रेस्तरां है'-रेखांकित पद का परिचय है–

*(CBSE SQP 2021)*

(क) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'रेस्तरां' विशेष्य

(ख) सर्वनाम, निश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

(ग) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

(घ) सर्वनाम, अनिश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

48. <u>उफ़</u>! 'क्या सोचा था क्या हो गया।' में रेखांकित पद का परिचय होगा–

*(CBSE SQP 2021)*

(क) विस्मयादिबोधक, प्रसन्नता सूचक

(ख) विस्मयादिबोधक, शोक सूचक

(ग) विस्मयादिबोधक, अचरज सूचक

(घ) विस्मयादिबोधक, घृणा सूचक।

49. 'मन की <u>कोमलता</u> अक्सर चोट खा जाती है।'-में रेखांकित पद का परिचय होगा–

(क) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक

(ख) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'मन विशेष्य

(ग) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(घ) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ताकारक।

50. 'घर <u>के साथ</u> ही एक बगीचा होता था।'-रेखांकित पद का परिचय होगा–

(क) संबंधबोधक अव्यय, 'घर और बगीचे' के बीच संबंध दर्शा रहा है

(ख) समुच्चयबोधक, अव्यय, 'घर और बगीचे' को जोड़ना

(ग) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक, 'होता था' की विशेषता

(घ) निपात्।

निर्देश–*निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के सही पद परिचय वाले विकल्प चुनकर लिखिए–* *(CBSE 2023)*

'उन्हें गवारा न था कि शहर का <u>कोई</u> <u>सफेदपोश</u> <u>उन्हें</u> <u>मँझले</u> सफर <u>करता देखे</u>।'

51. कोई

(क) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक

(ख) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक

(ग) सार्वनामिक विशेषण, 'सफ़ेदपोश' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग

(घ) सार्वनामिक विशेषण, 'सफ़ेदपोश' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन।

52. सफ़ेदपोश

(क) गुणवाचक विशेषण, 'उन्हें' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग

(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्ताकारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्मकारक

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्ताकारक।

53. उन्हें

(क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(ग) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन (आदरार्थ), पुल्लिंग, कर्मकारक

(घ) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिग, कर्ताकारक।

54. मँझले

(क) गुणवाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग

(ख) संख्यावाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग

(ग) परिमाणवाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग

(घ) सार्वनामिक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिग।

55. करता देखे

(क) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, कर्तृवाच्य, वर्तमानकाल

(ख) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, कर्तृवाच्य, भूतकाल

(ग) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, कर्तृवाच्य, वर्तमानकाल

(घ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिग, कर्तृवाच्य, भूतकाल।

निर्देश–*निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के सही पद-परिचय वाले विकल्प चुनकर लिखिए–* *(CBSE 2023)*

"<u>धान</u> के खेतों में <u>छोटे</u> बच्चे <u>उछल</u> रहे हैं। <u>वहाँ</u> धूप का नाम नहीं <u>लेकिन</u> सब मस्ती कर रहे हैं।"

56. धान

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, संबंधकारक

(ख) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, संबंधकारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, कर्ताकारक

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, कर्ताकारक।

57. छोटे

(क) परिमाणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिग

(ख) संख्यावाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिग

(ग) गुणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिग

(घ) परिमाणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिग।

58. उछल

(क) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य

(ख) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, वर्तमानकाल, कर्मवाच्य

(ग) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, वर्तमानकाल, कर्मवाच्य

(घ) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य।

59. वहाँ

(क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण

(ख) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण

(ग) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण

(घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'उछल रहे हैं' क्रिया का विशेषण।

60. लेकिन

(क) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(ख) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है

(ग) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(घ) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है।

निर्देश–*निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के सही पद-परिचय वाले विकल्प चुनकर लिखिए–* *(CBSE 2023)*

"<u>पारंपरिक</u> <u>लोकगीतों</u> <u>एवं</u> चैती में शहनाई का उल्लेख <u>बार-बार</u> <u>मिलता</u> है।"

61. पारंपरिक

(क) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग, कर्ताकारक

(ख) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग, कर्ताकारक

(ग) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिग, 'लोकगीतों'–विशेष्य

(घ) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'लोकगीतों'–विशेष्य।

62. लोकगीतों

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, अधिकरण कारक

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, अधिकरण कारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, संप्रदान कारक

(घ) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिग, अधिकरण कारक।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

63. एवं
(क) समुच्चयबोधक, समानाधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है
(ख) समुच्चयबोधक, समानाधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है
(ग) समुच्चयबोधक, व्यधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है
(घ) समुच्चयबोधक, व्यधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है।

64. बार-बार
(क) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(ग) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता
(घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'मिलता' क्रिया की विशेषता।

65. मिलता
(क) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, भूतकाल
(ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मवाच्य, वर्तमानकाल
(ग) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमानकाल
(घ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मवाच्य, वर्तमानकाल।

**निर्देश**–*निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए–*

66. **हम देहरादून घूमने गए।– रेखांकित पद का परिचय है?** *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) संज्ञा, प्रथम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता
(ख) सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता
(ग) सर्वनाम, प्रथम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता
(घ) सार्वनामिक विशेषण, प्रथम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता।

67. **शशि दसवीं कक्षा में पढ़ती है।– रेखांकित पद का परिचय है?** *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य
(ख) क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, 'पढ़ना' क्रिया
(ग) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य
(घ) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, 'कक्षा' विशेष्य।

68. **वह स्कूल से अभी-अभी आया है।– रेखांकित पद का परिचय है?** *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक
(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक
(ग) संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक
(घ) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक।

69. **वह मेरी बात पर बहुत हँसा।– रेखांकित पद का परिचय है?** *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, हँसना क्रिया का विशेषण
(ख) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'हँसना' विशेष्य
(ग) विशेषण, परिमाण वाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'हँसना' विशेष्य
(घ) विशेषण, परिमाण वाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'हँसना' विशेष्य।

70. **योग्य पिता की संतान भी योग्य होती है।– रेखांकित पद का परिचय है?** *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन
(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन
(ग) संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन
(घ) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'पिता' विशेष्य।

**उत्तर**– **1.** (क) **2.** (ग) **3.** (ग) **4.** (ख) **5.** (ग) **6.** (क) **7.** (ख) **8.** (ग) **9.** (ख) **10.** (ख) **11.** (क) **12.** (क) **13.** (क) **14.** (क) **15.** (क) **16.** (ख) **17.** (ग) **18.** (क) **19.** (ग) **20.** (क) **21.** (ख) **22.** (क) **23.** (ख) **24.** (क) **25.** (ख) **26.** (ख) **27.** (घ) **28.** (ख) **29.** (घ) **30.** (ख) **31.** (क) **32.** (ग) **33.** (ख) **34.** (घ) **35.** (ग) **36.** (क) **37.** (ग) **38.** (ख) **39.** (क) **40.** (ख) **41.** (ख) **42.** (ग) **43.** (ख) **44.** (घ) **45.** (क) **46.** (ग) **47.** (ख) **48.** (ख) **49.** (क) **50.** (क) **51.** (ग) **52.** (ख) **53.** (ग) **54.** (क) **55.** (घ) **56.** (क) **57.** (ग) **58.** (घ) **59.** (ग) **60.** (क) **61.** (ग) **62.** (घ) **63.** (क) **64.** (ग) **65.** (ग) **66.** (ख) **67.** (क) **68.** (घ) **69.** (क) **70.** (क)।

# अलंकार

**निर्देश**–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **अलंकार शब्द का अर्थ है–**
(क) सोना (ख) चाँदी
(ग) आभूषण (घ) वस्त्र।

2. **कविता के सौंदर्य में वृद्धि होती है–**
(क) रस से (ख) छंद से
(ग) शब्द शक्ति से (घ) अलंकार से।

3. **काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्त्वों को कहते हैं–**
(क) छंद (ख) तुक
(ग) लय (घ) अलंकार।

4. **अलंकार के मुख्य भेद कितने हैं–**
(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच।

5. **शब्दालंकार में प्रधानता होती है–**
(क) अर्थ की (ख) भाव की
(ग) शब्दों की (घ) वर्णों की।

6. **शब्दालंकार के कितने प्रमुख भेद हैं–**
(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच।

7. **शब्दालंकार का भेद नहीं है–**
(क) अनुप्रास (ख) यमक
(ग) श्लेष (घ) उपमा।

8. **अर्थालंकार में प्रधानता होती है–**
(क) शब्द की (ख) अर्थ की
(ग) भाव की (घ) गुण की।

9. **शब्दालंकार में शब्द का पर्यायवाची रखने पर क्या होता है–**
(क) अलंकार समाप्त हो जाता है
(ख) अलंकार बना रहता है
(ग) अलंकार का महत्त्व बढ़ जाता है
(घ) उपर्युक्त से कोई नहीं।

10. **अलंकारों के प्रयोग से अभिव्यक्ति हो जाती है–**
(क) प्रभावशाली (ख) रुचिकर
(ग) चमत्कारी (घ) ये सभी।

11. **अलंकारों का अधिक प्रयोग कविता को बना देता है–**
(क) हृदयग्राही (ख) सुंदर
(ग) बोझिल (घ) सरल।

12. **'श्लेष' शब्द का अर्थ है–**
(क) चिपकना (ख) चिकना
(ग) मीठा (घ) कठिन।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13. अर्थालंकार, के प्रमुख भेद हैं–
(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच।

14. जहाँ एक ही स्थान पर प्रयुक्त शब्द के अनेक अर्थ होते हैं, वहाँ अलंकार होता है–
(क) अनुप्रास (ख) यमक
(ग) श्लेष (घ) उपमा।

15. जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाती है, वहाँ अलंकार होता है–
(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) यमक (घ) अनुप्रास।

16. जिस प्रसिद्ध वस्तु से तुलना की जाती है, उसे कहते हैं–
(क) उपमान (ख) उपमेय
(ग) वाचक (घ) तुल्य।

17. जिस वस्तु की तुलना की जाती है, उसे कहते हैं–
(क) अनुपम (ख) उपमेय
(ग) उपमान (घ) साधारण धर्म।

18. जहाँ बात का अत्यधिक बढ़ा चढ़ाकर वर्णन किया जाता है, वहाँ अलंकार होता है–
(क) उपमा (ख) रूपक
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) अतिशयोक्ति।

19. जहाँ प्रकृति की जड़ वस्तुओं को मानव की तरह कार्य करते दिखाया जाता है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है–
(क) अतिशयोक्ति (ख) उपमा
(ग) मानवीकरण (घ) अनुप्रास।

20. 'मंगन को देखि पट देत बार-बार है।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) यमक (ख) श्लेष
(ग) उपमा (घ) रूपक।

21. 'सिर फट गया उसका मानो अरूण रंग का घड़ा।'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) श्लेष (ख) मानवीकरण
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक।

22. 'देख लो साकेत नगरी है यही स्वर्ग से मिलने गगन को जा रही।' उपयुक्त पंक्ति में अलंकार है–
(क) मानवीकरण (ख) अतिशयोक्ति
(ग) श्लेष (घ) उत्प्रेक्षा।

23. 'जा तन की झाँई परैं, स्याम हरित दुति होय।'– पंक्ति में अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) यमक
(ग) श्लेष (घ) उपमा।

24. 'तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि।'- पंक्ति में अलंकार है–
(क) श्लेष (ख) मानवीकरण
(ग) उपमा (घ) उत्प्रेक्षा।

25. 'पुर भवनों के कलशों से उलझे वायुयान'- पंक्ति में अलंकार है–
(क) अनुप्रास (ख) श्लेष
(ग) अतिशयोक्ति (घ) उत्प्रेक्षा।

26. 'ले चला साथ में तुझे कनक, ज्यों भिक्षु लेकर स्वर्ण झनक।'– उपयुक्त पंक्ति में अलंकार है–
(क) रूपक (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) अतिशयोक्ति (घ) श्लेष।

27. 'मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।' पंक्ति में अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) अतिशयोक्ति (ख) मानवीकरण
(ग) उपमा (घ) रूपक।

28. 'भूप सहस दस एकहिं बारा, लगे उठावन टरत न टारा।'–पंक्ति में अलंकार है–
(क) उत्प्रेक्षा (ख) यमक
(ग) श्लेष (घ) अतिशयोक्ति।

29. 'जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत की सोय। बारै उजियारो करै, बढ़ै अँधेरो होय।।'– पंक्ति में अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष
(ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण।

30. 'खड़-खड़ करताल बजा, नाच रही बेसुध हवा'– पंक्ति में अलंकार है–
(क) यमक (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण (घ) श्लेष।

31. 'श्लेष' अलंकार का उदाहरण है–
(क) पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुस चून
(ख) रघुपति राघव राजा राम
(ग) पीपर पात सारिस मन डोला
(घ) काली घटा का घमंड घटा।

32. 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का उदाहरण है–
(क) नभ पर चम-चम चपला चमकी
(ख) चारू चंद्र की चंचल किरणें
(ग) रंकन्ह राय रासि जनु लूटी
(घ) मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहौं।

33. 'अतिशयोक्ति' अलंकार का उदाहरण है–
(क) नभमंडल छाया मरुस्थल-सा
(ख) जीवन-तरू की महिमा न्यारी
(ग) तीन बेर खाती थीं, वे तीन बेर खाती हैं
(घ) हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग। लंका सिमरी जल गई, गए निशाचर भाग।

34. 'मानवीकरण' अलंकार का उदाहरण है–
(क) कोकिल हलावै, हुलसावै करतारी दै
(ख) हरिपद कोमल कमल-से
(ग) ऊधौ जोग जोग हम नाहीं
(घ) बरसत बरिद बूँद गहि, चाहत चढ़न अकास।

35. 'श्लेष' अलंकार का उदाहरण है–
(क) कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा
(ख) सुबरन को खोजत फिरत कवि, व्याभिचारी चोर
(ग) बालक बोलि बधौं नहिं तोही
(घ) जेते तुम तारे तेते नभ में न तारे हैं

36. 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का उदाहरण है–
(क) मनौ नीलमनि-सैल पर, आतप परयौ प्रभात
(ख) पीपर पात सरिस मन डोला
(ग) खेदि खेदि खाती दीह दारून दलन के
(घ) नगन जड़ाती थीं, वे नगन जड़ाती हैं।

37. 'अतिशयोक्ति' अलंकार का उदाहरण है–
(क) आए महंत वसंत
(ख) राणा ने सोचा इस पार तब तक चेतक था उस पार
(ग) चरण-कमल वंदौं हरियई
(घ) प्रीति-नदी में पाउ न बोरयौ।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

38. 'मानवीकरण' अलंकार का उदाहरण है–
(क) सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान
(ख) निपट निरंकुस निठुर निसंकु
(ग) भूतल तवा-सा जल रहा
(घ) मधुर मधुर मेरे दीपक जल।

39. जिस अलंकार में मनो, मानहु, जनो, जानहु आदि शब्द आए, वहाँ अलंकार होता है–
(क) यमक (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) श्लेष (घ) अनुप्रास।

40. "चित्रकूट जनु अचल अहेरी।" – इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण
(ग) अतिशयोक्ति (घ) श्लेष।

41. निम्नलिखित में कौन-सा अलंकार है?
"चाहनहार सुवर्ण के, कविजन और सुनार।" *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण
(ग) अतिशयोक्ति (घ) श्लेष।

42. "कढ़त साथ म्यान तें, असि रिपु तन ते प्रान" पंक्ति में अलंकार बताइए– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण
(ग) अतिशयोक्ति (घ) श्लेष।

43. "दिवसावसान का समय, मेघ आसमान से उतर रही।
वह संध्या सुंदरी परी-सी, धीरे-धीरे-धीरे।"
काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) मानवीकरण (ख) श्लेष
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) अतिशयोक्ति।

44. "खड़-खड़ करताल बजा रही विशुद्ध हवा"– इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? *(CBSE 2023)*
(क) अतिशयोक्ति (ख) मानवीकरण
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष।

45. 'सेहत ओढ़े पीत-पट स्याम सलौने गात।
मनो नीलमणि सैल पर आतप पर्‌यौ प्रभात।।' *(CBSE 2023)*
इस दोहे में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) अतिशयोक्ति (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) श्लेष (घ) मानवीकरण।

46. 'हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।'
इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष
(ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण।

47. 'देखि सुदामा की दीन-दशा करुणा करके करुणानिधि रोए,
पानी परात कौ हाथ छुऔ नहिं नैनन के जल सौं पग धोए।'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिशयोक्ति।

48. "प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।" इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) अतिशयोक्ति
(ग) श्लेष (घ) मानवीकरण।

49. निम्नलिखित में अलंकार है–
'मनहुँ रंक निधि लूटन लागी।' *(CBSE 2023)*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) अतिशयोक्ति
(ग) मानवीकरण (घ) श्लेष।

50. "वह शर इधर गांडीव गुण से भिन्न जैसे ही हुआ,
धड़ से जयद्रथ का उधर सिर छिन्न वैसे ही हुआ।"–
काव्य-पंक्ति में अलंकार है– *(CBSE 2023)*
(क) मानवीकरण (ख) अतिशयोक्ति
(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष।

**उत्तर–** 1. (ग) 2. (घ) 3. (घ) 4. (क) 5. (ग) 6. (ख) 7. (घ) 8. (ख) 9. (क) 10. (घ) 11. (ग) 12. (क) 13. (घ) 14. (ग) 15. (ख) 16. (क) 17. (ख) 18. (घ) 19. (ग) 20. (ख) 21. (ग) 22. (ख) 23. (ग) 24. (घ) 25. (ग) 26. (ख) 27. (ख) 28. (घ) 29. (ख) 30. (ग) 31. (क) 32. (ग) 33. (घ) 34. (क) 35. (ख) 36. (क) 37. (ख) 38. (क) 39. (ख) 40. (क) 41. (घ) 42. (ग) 43. (क) 44. (ख) 45. (ख) 46. (क) 47. (घ) 48. (घ) 49. (क) 50. (ख)।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# अभ्यास प्रश्न

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **भाव को पूर्णतः व्यक्त करने में समर्थ, सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह कहलाता है–**
   (क) पद (ख) शब्द (ग) वाक्य (घ) वाच्य।
2. **आश्रित उपवाक्य का भेद नहीं है–**
   (क) सर्वनाम उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
   (ग) विशेषण उपवाक्य (घ) क्रियाविशेषण उपवाक्य।
3. **सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चा रोता-रोता सो गया। | i | संयुक्त वाक्य |
| 2. | जैसा करोगे, वैसा भरोगे। | ii | सरल वाक्य |
| 3. | नित्य व्यायाम करो और स्वस्थ रहो। | iii | मिश्र वाक्य |

   **विकल्प–**
   (क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 ii, 2 iii, 3 i
   (ग) 1 iii, 2 ii, 3 i (घ) 1 i, 2 iii, 3 ii.
4. **'बादल घिर आए और वर्षा होने लगी।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है–**
   (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) संयुक्त वाक्य (घ) साधारण वाक्य।
5. **निम्नलिखित में मिश्र वाक्य का उदाहरण है–**
   (क) उसने परिश्रम किया और उसे सफलता भी मिली।
   (ख) परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है।
   (ग) जिसने भी परिश्रम किया वह अवश्य सफल होगा।
   (घ) परिश्रम करने और सफल होने में सीधा संबंध है।
6. **कर्तृवाच्य में प्रधानता होती है–**
   (क) कर्ता की (ख) कर्म की
   (ग) क्रिया की (घ) भाव की।
7. **कर्मवाच्य का प्रयोग नहीं होता–**
   (क) जहाँ कर्ता अज्ञात होता है
   (ख) जहाँ उद्देश्य कर्ता को प्रकट न करने का होता है
   (ग) जहाँ इच्छा, सहमति, अनुमति प्राप्त की जाती है
   (घ) जहाँ अशक्तता या असमर्थता बताई जाती है।
8. **निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है–**
   (1) राम ने पुस्तक पढ़ी।
   (2) मोहन के द्वारा चित्र बनाया गया।
   (3) हमसे चला नहीं जाता।
   (4) आओ, घूमा जाए।
   (क) (1) और (2) सही हैं (ख) (2) और (3) सही हैं
   (ग) (3) और (4) सही हैं (घ) (2) और (4) सही हैं।
9. **'नेताजी ने देश के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया।' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है–** *(CBSE 2020)*
   (क) नेताजी सबकुछ त्याग सकते हैं इस देश के लिए।
   (ख) नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सबकुछ त्याग किया जा सकता।
   (ग) नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया गया।
   (घ) नेताजी देश के लिए अपना सबकुछ त्याग देते हैं।
10. **'मीना द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है।' वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तन है–**
    (क) मीना पुस्तक पढ़ेगी। (ख) मीना पुस्तक पढ़ती है।
    (ग) मीना पुस्तक पढ़ रही थी। (घ) मीना ने पुस्तक पढ़ी।
11. **वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाता है–**
    (क) पद (ख) अव्यय (ग) समास (घ) प्रत्यय।
12. **विस्मयादिबोधक के पद-परिचय में बताया जाता है–**
    (क) भेद, लिंग, वचन, कारक का उल्लेख
    (ख) भेद, काल, वाच्य का उल्लेख
    (ग) भेद एवं भाव का उल्लेख
    (घ) भेद, पुरुष, लिंग, भाव का उल्लेख।
13. **'मैं कल <u>बनारस</u> जाऊँगा।' – रेखांकित का पद-परिचय है–**
    (क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
    (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
    (ग) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, पुल्लिंग, एकवचन
    (घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।
14. **'अपने गाँव की <u>मिट्टी</u> छूने के लिए मैं तरस गया।' – रेखांकित का पद-परिचय है–**
    (क) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
    (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
    (ग) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
    (घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक।
15. **'घर <u>के साथ</u> ही एक बगीचा होता था।'-रेखांकित पद का परिचय होगा-**
    (क) संबंधबोधक अव्यय, 'घर और बगीचे' के बीच संबंध दर्शा रहा है
    (ख) समुच्चयबोधक, अव्यय, 'घर और बगीचे' को जोड़ना
    (ग) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक, 'होता था' की विशेषता
    (घ) निपात।
16. **अलंकार शब्द का अर्थ है–**
    (क) सोना (ख) चाँदी (ग) आभूषण (घ) वस्त्र।
17. **शब्दालंकार में प्रधानता होती है–**
    (क) अर्थ की (ख) भाव की
    (ग) शब्दों की (घ) वर्णों की।
18. **जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाती है, वहाँ अलंकार होता है–**
    (क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा (ग) यमक (घ) अनुप्रास।
19. **'मानवीकरण' अलंकार का उदाहरण है–**
    (क) कोकिल हलावैं, हुलसावैं करतारी दै
    (ख) हरिपद कोमल कमल-से
    (ग) ऊधौ जोग जोग हम नाहीं
    (घ) बरसत बरिद बूंद गहि, चाहत चढ़न अकास।
20. **'तुम्ह तो काल हाँक जनु लावा।'–पंक्ति में अलंकार है–**
    (क) उपमा (ख) रूपक (ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in